शहीद नंदकुमार पटेल विश्वविद्यालय, रायगढ़ (छ.ग.)
(छत्तीसगढ़ विश्वविद्यालय अधिनियम, 1973 द्वारा स्थापित राजकीय विश्वविद्यालय)
गढ़उमरिया, ओड़िशा रोड़, रायगढ़ (छत्तीसगढ़) 496001
ई–मेल–registrarsnpv@gmail.com, वेबसाईट-https://snpv.ac.in

क्रमाँक. 1925 /E/परीक्षा–गोपनीय/2024 रायगढ़, दिनाँक 01.01.2024

–:: अधिसूचना ::–

सत्र 2023–24 में शहीद नंदकुमार पटेल विश्वविद्यालय, रायगढ़ के द्वारा संचालित पाठयक्रमों के स्नातक (प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय वर्ष) एवं डिप्लोमा पाठयक्रमों के नियमित परीक्षार्थियों के परीक्षा फॉर्म भराये जाने के संबंध में पूर्व में जारी विश्वविद्यालय की अधिसूचना क्रमांक 1757/E/परीक्षा–गोपनीय/2023, रायगढ़, दिनांक 20.12.2023 अंतिम तिथि 31.12.2023 रात्रि 12:00 बजे तक निर्धारित की गयी थी। उक्त तिथि में वृद्धि करते हुए ऑनलाईन माध्यम से नामांकन फॉर्म एवं परीक्षा फॉर्म भरने हेतु निम्नानुसार तिथि निर्धारित की जाती है:–

क्रं.	विवरण	तिथि
01.	स्नातक (प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय वर्ष) एवं डिप्लोमा पाठ्यक्रमों के नियमित परीक्षार्थियों के लिए बिना विलंब शुल्क	दिनांक 02.01.2024 से दिनांक 12.01.2024 रात्रि 12:00 बजे तक
02.	स्नातक (प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय वर्ष) एवं डिप्लोमा पाठ्यक्रमों के नियमित परीक्षार्थियों के लिए विलंब शुल्क रूपये 200/– के साथ	दिनांक 13.01.2024 से दिनांक 16.01.2024 रात्रि 12:00 बजे तक
03.	छात्र–छात्राओं द्वारा भरे गये ऑनलाईन परीक्षा आवेदनों की हार्डकॉपी, ऑनलाईन शुल्क की भुगतान की रसीद एवं समस्त अनिवार्य आवश्यक दस्तावेजों की स्वप्रमाणित छायाप्रति संलग्न कर संबंधित महाविद्यालय में जमा करने की तिथि	दिनांक 18.01.2024 तक
04.	महाविद्यालय छात्र–छात्राओं के द्वारा भरे गये ऑनलाईन परीक्षा आवेदनों की सूची (Roll List 2023–24) पोर्टल से डाउनलोड कर सूची के क्रम में परीक्षा आवेदनों की ऑनलाईन शुल्क की भुगतान की रसीद एवं समस्त अनिवार्य आवश्यक दस्तावेजों की छायाप्रति परीक्षण कर विधिवत अग्रषित करते हुए विश्वविद्यालय के परीक्षा विभाग में जमा करने की तिथि	दिनांक 22.01.2024 तक

नोट :–

- ऐसे नियमित परीक्षार्थी जिन्होने नामांकन फॉर्म नही भरा है वह परीक्षार्थी उक्त तिथियों तक नामांकन फॉर्म अनिवार्य रूप से भरे।
- सत्र 2022–23 के मुख्य परीक्षा में पूरक एवं दो विषयों में पूरक घोषित परीक्षार्थियों, भूतपूर्व, स्वाध्यायी एवं बी.एड. प्रथम वर्ष के परीक्षार्थियों के लिए परीक्षा फॉर्म भराये जाने के लिए पृथक से समय–सारिणी निर्धारित की जायेगा।

आदेशानुसार

कुलसचिव (प्रभारी)

Scanned with AnyScanner

पृ.क्रं. 1926 /E/परीक्षा–गोपनीय/2024 रायगढ़, दिनांक 01.01.2024

प्रतिलिपिः–

01. कुलपति के निज सचिव को माननीय कुलपति महोदय के सादर सूचनार्थ।
02. वित्ताधिकारी/उप–कुलसचिव (वित्त/भंडार) शहीद नंदकुमार पटेल विश्वविद्यालय, रायगढ़ को सूचनार्थ।
03. प्राचार्य समस्त, संबद्ध महाविद्यालय, शहीद नंदकुमार पटेल विश्वविद्यालय, रायगढ़ को सूचनार्थ प्रेषित कृपया महाविद्यालय के सूचना पटल पर छात्र–छात्राओं के अवलोकन हेतु चस्पा करावें एवं छात्र–छात्राओं को उपरोक्तानुसार निर्धारित तिथि तक आवेदन करने हेतु सूचित करावें।
04. अनुभाग अधिकारी/कक्ष प्रभारी (गोपनीय–परीक्षा) शहीद नंदकुमार पटेल विश्वविद्यालय, रायगढ़ को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।
05. संपादक/संवाददाता, दैनिक .... समाचार पत्र को इस अनुरोध के साथ प्रेषित की छात्रहित में इसे विज्ञप्ति के रूप में अपने समाचार पत्र में निःशुल्क प्रकाशित करने का कष्ट करें।

प्रभारी अधिकारी (परीक्षा)

Scanned with AnyScanner